हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025



# मेयर का निर्देश दरकिनार: एनीकट लबालब फिर भी दो समय जलापूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भीषण गर्मी से एक समय पेयजल आपूर्ति की मार झेल रहे शहरवासियों को भरी बारिश में भी दोनों समय पानी नहीं मिल पा रहा है। सावन माह में मोहारा एनीकट के लबालब होने के बाद भी शहर में पेयजल संकट के हालात निर्मित है। पार्षदों द्वारा सुबह और शाम जलापूर्ति शुरू करने की लगातार मांग किए जाने के बाद भी निगम प्रशासन द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किए जाने से अब जनाक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भीषण गर्मी के दौर में शहरवासियों को एक समय ही जलापूर्ति की मार झेलनी पड़ी है। शहरवासियों को उम्मीद थी कि जून माह में बारिश का दौर शुरू होते ही शहर में दोनों समय पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी, लेकिन निगम के अफसरों की लापरवाही के कारण सावन माह में भी शहर में जल संकट के हालात निर्मित हैं। सूत्रों ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव ने पिछले सोमवार से शहर में दोनों समय जलापूर्ति किए जाने की जानकारी पार्षदों के जरिये दी थी, लेकिन निगम के अफसरों ने मेयर की इस मंशा पर भी पानी फेर दिया है। विडंबना ही कही जाए कि निगम प्रशासन द्वारा यह जानकारी नहीं दी जा रही है कि आखिर मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी होने के बाद भी दोनों समय जलापूर्ति करने में किसे और क्यों दिक्कतें आ रही है?

## सावन माह में गहराया जल संकट, शहर में जनाक्रोश की स्थिति

### पार्षदों ने खोला मोर्चा

भाजपा पार्षदों ने अफसरों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की है। एक भाजपा पार्षद का कहना है कि वे शहर की जनता को यह नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर बारिश में दोनों समय जलापूर्ति क्यों नहीं की जा रही है। भाजपा पार्षदों ने यह भी कहा कि महापौर मधुसूदन यादव ने कई बार आयुक्त को दोनों समय पानी देने के निर्देश भी दिए, लेकिन उसके बाद भी दोनों समय जलापूर्ति शुरू नहीं की गई। पार्षदों का कहना है कि वे शीघ्र ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर इस मामले की शिकायत करेंगे।



### वॉटर प्लांट की नई मशीन आखिर क्यों खराब?

नगर निगम ने हाल ही में मोहारा वॉटर वर्क्स के लिए नई मशीन की खरीदी की है। मशीन को शुरू करने के पहले ही इसके खराब होने की जानकारी दी जा रही है। इस नई मशीन की मरम्मत के लिए कर्मचारी भले ही पसीना बहा रहे हैं, लेकिन यह भी चर्चा है कि दोनों समय जलापूर्ति का मामला सियासी द्वंद में उलझ गया है।

### जिम्मेदार ही पूछ रहे सवाल?

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा हाल ही में जल विभाग के अफसरों की ली गई बैठक में पूछे गए एक सवाल भी शहरवासियों के गले से नीचे नहीं उतर रहा है। आयुक्त ने जल विभाग के अफसरों और वाल्वमेन से यह पूछा था कि आखिर हम बारिश में दोनों समय जलापूर्ति क्यों नहीं दे पा रहे है? नेताओं का कहना है कि एक समय जलापूर्ति का आदेश आयुक्त ने जारी किया था, फिर दोनों समय जलापूर्ति के आदेश को जारी करने में वे क्यों रूचि नहीं दिखा रहे है? यही नहीं एलम संकट पर भी निगम के अफसर जिम्मेदारी लेने की बजाय निचले कर्मियों पर पल्ला झाड़ रहे हैं।




## माय एंगल



## शहर के जीवन ए कॉलोनी में चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल, कार्रवाई नहीं

# बगैर अनुमति बनी सड़क-नाली, पाट दिया नाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध प्लाटिंग के खिलाफ जहां प्रदेश की साय सरकार सख्त रूख अपनाए हुए हैं। वहीं राजनांदगांव शहर में धड़ल्ले से भू-माफिया इस काम को अंजाम दे रहे हैं। शहर के जीवन ए कॉलोनी में भी अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है, जहां कॉलोनाईजर ने बगैर अनुमति न केवल सड़क, नाली और आवास बना लिए हैं, बल्कि उसके द्वारा 60 फीट के नाले को पाटकर 20 फीट का कर दिया गया है। इस मामले में अब तक प्रशासन की कार्रवाई नहीं होने से भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

शहर के कौरिनभाठा क्षेत्र के जीवन ए कालोनी और ब्रम्हाकुमारीज आश्रम के पास अवैध प्लाटिंग कर सड़क, नाली व आवास बनाने की जानकारी सामने आई है। तात्कालीन नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के कार्यकाल के समय निगम प्रशासन ने मार्च 2024 में अवैध प्लाटिंग के तहत बनाए गए सड़क, नाली व अन्य स्ट्रक्चर में तोड़फोड कार्रवाई कर खसरा बैन कर जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने संबंधित बोर्ड लगाया था। अब इसी जगह पर कालोनाईजर द्वारा सर्व सुविधायुक्त आवास बनाकर बिक्री की तैयारी की जा रही है। किसी भी कालोनी विकसित करने ले-आऊट, निगम से परमिशन, भवन अनुज्ञा, टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से रेरा का पंजीयन के अलावा ईडब्लयूएस व गार्डन सहित पेयजल की व्यवस्था की सुविधा देना अनिवार्य है, लेकिन यहां पर इन नियमों का भी पालन किया गया है। कालोनाईजरों द्वारा मनमानी करते अवैध प्लाटिंग करने के अलावा किसी भी नियमों का पालन नहीं किया गया है। इस अंधेरगर्दी के बाद भी मामले की निगम प्रशासन को जानकारी ही नहीं है। यह हैरानी की बात है।



### बाह्य विकास शुल्क जमा नहीं

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में कॉलोनाइजर द्वारा कालोनी विकसित करने निगम से परमिशन और बाह्य विकास शुल्क जमा नहीं किया गया है। वहीं निगम से प्रमाणित ले-आऊट जारी हुआ या नहीं, इसकी भी जानकारी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि शासन ने स्पष्ट रूप से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ठोस कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

### बगैर परमिशन बन गई सड़क और नाली

आलम यह है कि बगैर अनुमति लिए अवैध प्लाटिंग करने वाले कालोनाईजरों द्वारा सड़क, नाली व लगभग दर्जनभर आवास भी बना लिया गया है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिस अवैध प्लाटिंग पर सालभर पहले निगम प्रशासन ने कार्रवाई किया था, इस जगह पर अब किसके परमिशन से कालोनाईजर द्वारा कालोनी विकसित किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस जमीन का ले-आउट भी निगम में पास नहीं हुआ है।

# रेलवे लाइन के पास मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रेलवे पटरी के नीचे से बहने वाले नाले में एक महिला संदिग्ध परिस्थिति में मृत अवस्था में मिली। जिससे आसपास इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाया एवं मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बजरंगपुर नवागांव बीड़ी श्रमिक कालोनी के कुछ दूरी पर स्थित रेलवे लाइन के नीचे से बहने वाली नाला में एक महिला पानी में मृत अवस्था में आज सुबह देखी गई। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

**क्षेत्र में सनसनी** : महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस के अनुसार मृतिका की शिनाख्ति गायत्री यादव 40 वर्ष बीडी श्रमिक कालोनी बजरंगपुर नवागांव निवासी के रूप में की गई है। नाले में लगभग डेढ फिट पानी में महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिलने के मामले की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। बहरहाल उक्त महिला का मृत अवस्था में मिलने पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# खाद की खाली बोरियां लेकर सांसद दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सोसायटी में खाद की कमी बनी हुई है और खुले बाजार में किसानों को लगभग दोगुने दाम पर खाद लेने की मजबूरी हो रही है। इस मामले को लेकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय किसानों के साथ सांसद कार्यालय का घेराव किया। हाथों में खाद की खाली बोरियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती हुए पूर्व विधायक ने सांसद संतोष पांडे के कार्यालय पहुंची। यहां उन्होंने आक्रोश जताते ज्ञापन के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में किसानों के लिए खाद शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की।

सांसद कार्यालय का घेराव करने पहुंची पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि खेती-किसानी के समय किसानों को सोसायटी में खाद नहीं मिल रहा है और खुले मार्केट में खाद मिल भी जाए तो इसके लिए दोगुने दाम किसानों को देने पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1300 रुपए में मिलने वाला डीएपी बाजार में 2 हजार और 266 रुपए में मिलने वाला यूरिया खाद 8 सौ रुपए में बेचा जा रहा है। खाद में खुलकर कालाबाजारी हो रही है और सरकार मौन है। सरकार को किसी की चिंता नहीं है। अधिकारी और प्रशासन की मिलीभगत से व्यापारियों को खाद उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि छुरिया क्षेत्र के कल्लूबंजारी के एक किसान ने मजबूरी में बाजार से यूरिया खाद 8 सौ रुपए में खरीदा और इसके लिए उसे अपने पत्नी के जेवर गिरवी रखने पड़े। उन्होंने कहा कि यह सरकार के लिए दुर्भाग्य की बात है।

### खाद का संकट गहराया

सांसद कार्यालय का घेराव करने पहुंची पूर्व विधायक ने कहा है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले के मोहला, मानपुर, खैरागढ़, छुईखदान क्षेत्र में भी खाद का संकट बना हुआ है। यहां भी किसानों को महंगे दाम पर बाजार से खाद लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब सोसायटी में खाद नहीं है तो फिर बाजार तक खाद कैसे पहुंच रहा है।

### वृहद आंदोलन की चेतावनी

सांसद कार्यालय का घेराव करने पहुंची पूर्व विधायक छन्नी साहू ने यहां सांसद की अनुपस्थिति में उनके पीए को सांसद के नाम ज्ञापन देकर खाद की कालाबाजारी रोकने और जल्द ही किसानों के लिए समिति में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं 8 दिन के भीतर खाद उपलब्ध नहीं होने पर किसानों के साथ वृहद आंदोलन करने की बात कही है।




# केंद्रों में चप्पल की ही अनुमति आधी बांह वाले कपड़े और बगैर आभूषण पहने ही मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते दिनों बिलासपुर में पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर परीक्षा में हाईटेक नकल का मामला सामने आने के बाद अब व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए नए नियम जारी किए गए हैं। जिसके चलते अब उन्हें कड़ी निगरानी से होकर गुजरना होगा। जिसके चलते अब केंद्रों में एंट्री से पहले अब जूते-मोजे की जगह स्लीपर पहनकर जाना होगा। इसके अलावा आभूषण पहनकर आने की भी अनुमति नहीं होगी।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को 11 बजे से 1.15 बजे तक किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे। जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी प्रुफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, पेनकार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### 11 हजार परीक्षार्थी

आगामी 27 जुलाई को व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसके लिए राजनांदगांव जिले में 34 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में लगभग 11227 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा।

### टोल फ्री नंबर जारी

परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्प लाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर समय सुबह 10 से सायं 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।






## खबर संक्षेप

### पर्पल फेयर का आयोजन 28 को

**राजनांदगांव।** समेकित क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगजन द्वारा मेला पर्पल फेयर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके कौशल प्रदर्शन, रोजगार के अवसरों, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर रोजगार मेला, सहायक उपकरण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, कला गैलरी, स्टॉल प्रदर्शन सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### चाकू लहराकर धमकाने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 25 जुलाई को चिखली शासकीय प्रेस के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है की सूचना पुलिस को मिली, जिस पर तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर वह अपना नाम बिट्टू 20 वर्ष निवासी ग्राम बोरी बताया। जिसके कब्जे से एक धारदार स्टील का चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया।

### गुम नाबालिग रायपुर में मिली

**राजनांदगांव।** घर में बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई बालिका को पुलिस ने इंस्टाग्राम एवं मोबाइल टावर लोकेशन के माध्यम से रायपुर में खोजा, जिसे उसके परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा 9 जून को थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पुत्री 4 जून को दोपहर करीबन 12 बजे घर में किसी को बिना कुछ बताए कहीं चली गई है। जिसका आसपास मोहल्ले व रिश्तेदारों में पतासाजी किया, पता नहीं चला। थाना लालबाग में गुम इंसान पर से अपराध धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में आपरेशन मुस्कान के तहत टीम गठित कर नाबालिग बालिका का लगातार पता तलाश किया गया। नाबालिग बालिका के इंस्टाग्राम से मोबाइल नंबर पता कर टॉवर लोकेशन को ट्रेक करते रायपुर पहुंचकर नाबालिग बालिका को रायपुर से 23 जुलाई को बरामद किया गया एवं नाबालिग बालिका को परिजनों को सुपुर्द कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### ई-ऑफिस प्रणाली को दें प्राथमिकता

**खैरागढ़।** कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह



चंद्रवाल ने सभी विभागों को ई-ऑफिस प्रणाली तहत कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार अब समस्त विभागीय कार्य, नस्ती, फाइल व डाक का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर ने स्वयं ई-ऑफिस प्रणाली से जुड़ी प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी लेते हुए इसका प्रयोग प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन कार्यों के सरलीकरण की दिशा में ई-ऑफिस एक महत्वपूर्ण और उपयोगी पहल है, जिसके माध्यम से डिजिटल रूप से शासकीय पत्राचार संभव होगा। इससे कार्यों की गति बढ़ेगी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व दक्षता आएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी रुचि और सक्रियता के साथ काम करें। उन्होंने इसे एक नई व्यवस्था बताते हुए कहा कि आरंभिक चरण में सभी को सहयोगात्मक भाव से कार्य करते हुए डिजिटल बदलाव को अपनाना होगा।

### बड़ी मात्रा में लकड़ी मिलने से वन विभाग भी भौचक

# तेंदुआ पकड़ने निकला वन महकमा, पकड़ा गया सागौन का बड़ा जखीरा

## मोहला विकासखंड के ग्राम अमलीडीह का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में पिछले 15 दिनों से तेंदुआ की लगातार आमद से ग्रामीणों में जहां दहशत का माहौल है। वहीं इसी दहशत ने बुधवार को वन विभाग को एक बड़े अवैध सागौन भंडारण तक पहुंचा दिया। मामला मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत पुतरगोदी के आश्रित ग्राम अमलीडीह गांव का है, जहां तेन्दुआ ने बीती रात बाड़ी में घुसकर सुअर का शिकार किया, लेकिन इसके बाद जो खुलासा हुआ, उसने वन विभाग को भी चौंका दिया है।

ग्रामीण अग्नूराम कोरेटी के बाड़ी से तेन्दुआ ने पालतू सूअर का शिकार किया। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तेन्दुआ के पैरों के निशान का पीछा करते वन कर्मी बाड़ी में पहुंचे, जहां उन्हें सागौन के 70 नग लट्ठे पड़े हुए मिले। बिना किसी अनुमति और खुली जगह में इतनी बड़ी मात्रा में कीमती लकड़ी का होना वन विभाग के लिए बड़ी कार्रवाई का संकेत था।

#### मामले की हो रही विस्तृत जांच

वन विकास निगम अब इस मामले की विस्तृत जांच मे जुटा हुआ है। यह भी देखा जाएगा कि क्या यह कटाई किसी वन माफिया से जुड़ी गतिविधि का हिस्सा है या फिर किसी स्थानीय स्तर पर की गई अवैध कटाई है।



#### किसान ने बताया लकड़ी खुद की है

हालांकि ग्रामीण अग्नूराम कोरेटी ने दावा किया कि लकड़ियां उसकी निजी जमीन की है, लेकिन जब उससे लकड़ी कटाई की अनुमति से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो कोई वैध प्रमाण नहीं दिखाया गया। बता दें कि सागौन जैसी संरक्षित प्रजाति की कटाई के लिए एसडीएम स्तर से पूर्व अनुमति आवश्यक होती है। जिसकी अनदेखी यहां सामने आई है।

#### सागौन के लट्ठे मिले

वन विकास निगम के एसडीओ वीरेंद्र पटेल ने बताया कि तेन्दुआ के शिकार की सूचना पर टीम अमलीडीह पहुंची थी। जांच के दौरान तेन्दुआ के पैरों के निशान हमें लकड़ियों के भंडारण तक ले गए। यह लगभग 70 नग सागौन के लट्ठे हैं, जिन्हें बरामद कर काष्ठागार मोहला लाया गया है। अब यह जांच की जा रही है कि यह लकड़ियां वनभूमि से अवैध रूप से काटी गई है या राजस्व भूमि की है।

### शिविर अगले महीने से

**खैरागढ़।** श्रम विभाग के माध्यम से सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल और छग असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा श्रमिकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ प्राप्त करने पंजीयन और उसका समय-समय पर नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। सी उद्देश्य से श्रमिकों की सुविधा को लेकर अगस्त महीने में जिले के चयनित ग्राम पंचायतों में मोबाइल कैम्प के माध्यम से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक, स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक सहित अन्य पात्र अपना नया पंजीयन करवा सकते हैं, साथ ही पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हासिल करने आवेदन भी दे सकते है। शिविर में उपस्थित होने वाले श्रमिकों को अपना व परिवार का आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, राशन कार्ड और मोबाइल फोन साथ लाना होगा, जिससे पंजीयन या नवीनीकरण की प्रक्रिया में आसानी हो सके। खैरागढ़ ब्लाक अंतर्गत मंगलवार 5 अगस्त को ग्रापं नवागांव कंवर, गुरूवार 7 अगस्त को मरकामटोला, बुधवार 13 अगस्त को घोंघेडबरी और गुरूवार 21 अगस्त को गर्रापार में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह विकासखंड छुईखदान अंतर्गत मंगलवार 12 अगस्त को ग्रापं गातापार, मंगलवार 19 अगस्त को चोरलाडीह, शनिवार 23 अगस्त को गोकना और शुक्रवार 29 अगस्त को चकनार में शिविर लगाया जाएगा। विभाग ने जिले के समस्त पात्र श्रमिकों से आग्रह किया है कि वे अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## पाठ्यपुस्तक लेखन कार्यशाला में शामिल हुए डॉ. कमलेश्वर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश मे अगले सत्र से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्य अनुरूप तैयार पाठ्यपुस्तक की तर्ज पर पूमाशा की कक्षाओ के पाठ्यपुस्तकों में बदलाव किया जाना है जिसके लेखन कार्य के लिए प्रथम चरण की कार्यशाला राजधानी में आयोजित की गई।

इस सत्र से पहली से तीसरी और छठवीं कक्षा में शिक्षा नीति अनुसार तैयार पाठ्यपुस्तकें प्रदेश में लागू कर दिया गया है लेकिन आगामी सत्र में चौथी, पांचवी, सातवी और आठवी कक्षा के पाठ्यपुस्तकों में बदलाव को लेकर लेखन कार्य के लिए एससीईआरटी रायपुर में प्रथम चरण की पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें प्रदेश के विभिन्न शालाओं में कार्यरत विषय विशेषज्ञ व्याख्याता, प्राचार्य, राज्य शिक्षा स्थायी समिति के सदस्यों द्वारा लेखन कार्य किया गया। कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के प्रभारी प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी द्वारा तैयार नवीन पाठ्यक्रम अंग्रेजी एडीशन को हिंदी माध्यम के बच्चों के लिए अनुकूलन में सरल, स्पष्ट, चित्रात्मक, प्रयोगात्मक और सामूहिक गतिविधि आधारित क्रियाकलापों को शामिल करते हुए सामाजिक विज्ञान सहित अन्य सभी विषयों को विशेषज्ञों द्वारा रोचक व ज्ञानात्मक बनाया जा रहा है जो बच्चों के लिए बहुउद्देशीय ज्ञान आधारित होगी। इसके लिए बारह कार्यशाला आयोजित होगी प्रत्येक कार्यशाला की अवधि पांच दिवसीय होगी।

## परंपरा संग संस्कृति को अपनाने का संदेश देता है हरेली पर्व : मनराखन

- पहला पर्व हरेली हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ की माटी परंपरा और संस्कृति के सम्मान में इस हरेली पर्व पर खास आयोजन देखने को मिला। कलेक्ट्रेट परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को हरियाली और समृद्धि का प्रतीक मानकर मिशन संडे टीम ने फूल-माला पहनाया। सभी ने मिलकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को नमन किया।

कार्यक्रम दौरान टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ हमारी परंपरा है हमारी भाषा हमारी बोली है। प्रदेश का पहला पर्व हरेली हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है इसलिए इस पर्व को पूरे उत्साह और एकजुटता के साथ मनाना चाहिए। आयोजन के माध्यम से टीम ने संदेश दिया कि अपनी संस्कृति को जीने अपनाने के साथ अगली पीढ़ी को भी इससे जोड़ो। इस दौरान डॉ अरुण भारद्वाज, शेखर दास वैष्णव ,अजय देवांगन, नरेंद्र सेन, कमलेश यादव, धनी साहू, नारायण साहू, कीर्तन साहू, फलेन्द पटेल, कुहुक लाल सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



#### पूर्व सरकार ने दी नई पहचान

संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल की सरकार ने प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक त्योहारों और सामाजिक विरासत को एक नई पहचान दी है। भूपेश बघेल ने न केवल इन त्यौहारों को सम्मान दिया बल्कि उन्हें सरकारी स्तर पर मनाकर परंपराओं को जीवित करने का कार्य भी किया। देवांगन ने कहा प्रदेश हरेली से लेकर तीजा-पोरा, कर्मा, गोवर्धन पूजा, छेरछेरा तक हर पर्व को गांव-गांव और शासकीय स्तर पर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इन आयोजनों ने जनमानस में अपनी संस्कृति के प्रति गौरव और आत्मीयता का भाव जगाया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को निरंतर बनाए रखने की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ी को परंपराओं की सजीव अनुभूति होगी, माटी से जुड़ाव होगा और सामाजिक एकता बना रहगो।

## महिला सशक्तिकरण पर सोनपुरी में शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक में राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक प्रणय बघेल, सहायक प्रबंधक अर्जुन साहू, पीएमएफएमई योजना योजना के जिला संसाधन व्यक्ति पीयूष पटेल व सूर्यांश ताम्रकार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़कर महिलाएं घरेलू स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की शुरुआत कर सकती हैं और शासकीय अनुदान का लाभ लेकर अपने उद्यम को आगे बढ़ा सकती हैं।



#### महिलाएं समाज में बना रही अपनी अलग पहचान

राज्य आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक उमेश तिवारी ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिलाएं शासकीय योजनाओं के माध्यम से न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं। शिविर में श्रद्धा साईं स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष त्रिवेणी पटेल को सफल महिला उद्यमी के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया और 20 से अधिक महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि योजना से उन्हें आत्मविश्वास मिला है और अब वे अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करती है। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की शिकायत एवं समस्याएं



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलपूर्वक सुनी। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आज से अखंड रामयाण पाठ

**अं. चौकी।** नगर के शिवधाम हनुमान मंदिर में इस वर्ष एक दिवसीय अखंड रामयाण का आयोजन किया गया है। श्रद्धा महिला मानस मंडली द्वारा आयोजित कार्यक्रम निरंतर 12 वर्ष से चल रहा है। बताया गया कि अखंड रामायाण पाठ का शुभारंभ कल शनिवार को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा और समापन रविवार को अखंड रामायण पाठ की समाप्ति पश्चात रूद्राभिषेक से संपन्न होगा। श्रद्धा मानस मंडली की प्रमुख रामेश्वरी देवी सुपेत एवं शिक्षक श्रीमती पूनम यादव ने शिव एवं राम भक्तों को आयोजन में उपस्थिति की अपील की।

### हरियाणा से दर्जनों भक्तों का आगमन आज

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में कल 26 जुलाई को सद्गुरु कबीर दर्शन यात्रा अंतर्गत प्रतापगढ़ हरियाणा प्रांत से दर्जनों भक्तों पंथ श्री हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के जन्म भूमि और सद्गुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। इस दर्शन यात्रा में गीता संदीप सैनी, मोनिका राजेश सैनी, सानवी, शिवानंशु, कुमारी श्री, राघव सैनी पधारेंगे। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश साहू ने दी।

### आदिवासी दिवस 9 को



**राजनांदगांव।** संभाग स्तरीय (दुर्ग) विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन आगामी 9 अगस्त को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते रमेश मंडावी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजक जिलाध्यक्ष व प्रांतीय महासचिव नीलकंठ गढ़े होंगे। सहयोगी के रूप में नरसिंह भंडारी, फागूराम मरकाम, राजकुमार ठाकुर, पन्ना मंडावी, सीताराम ठाकुर शामिल हैं।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता को लेकर विस्तार से दी जानकारी

# संगीत विवि में एनईपी की त्रिस्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम के संबंध में त्रिस्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा दुर्ग डॉ. राजेश पांडेय रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय डॉ जीए घनश्याम और ओएसडी एनईपी उच्च शिक्षा संचालनालय डॉ डीके श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ राजेश पांडेय ने वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए ककहा कि एनईपी में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि एनईपी के तहत छोटे बच्चों के अंदर स्वावलंबन की भावना जागृत करने शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ इसमे यह सुविधा भी है कि हम अपने अनुसार अपनी शिक्षा की दिशा बदल सकते हैं। एनईपी लागू होने से निश्चित ही सभी बच्चें लाभांवित होंगे और बेहतर भविष्य बना पाएंगे।




#### संस्कृति अनुरूप होगी इस साल से पढ़ाई

कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रो डीके श्रीवास्तव ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए अपनाई गई नीतियों को बताया। विशेषज्ञ डॉ जीए घनश्याम ने भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में एनईपी 2020 के बारे में सार्थक चर्चा दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा भारतीय संस्कृति के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप विवि में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। संगीत संकाय अधिष्ठाता व एनईपी नोडल प्रो डॉ नमन दत्त ने स्वागत भाषण, समापन में कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति संयोजिका प्रो डॉ मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय, डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ कौस्तुभ रंजन, डॉ. छगेन्द्र उसेंडी, डॉ. एस मेदिनी होंबल और डॉ दीपशिखा पटेल सहित अन्य विभागो के प्राध्यापक सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

#### विवि में इस सत्र से लागू होगा एनईपी 2020

इंदिरा कला संगीत विवि में सत्र 25-26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जाएगी। एनईपी में निहित प्रावधान के तहत विवि में अध्ययन-अध्यापन के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया गया हैं जिसके संबंध में कार्याशाला में चर्चा की गई। इस सत्र से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के आधार पर विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाएगी जो उनके भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका के न्यायालय में
मामला क्रमांकः 202505094700045
मामले की श्रेणीः- राजस्व
विषयः- अ-6 सनः- 2024-2025
बिजेतला प.ह.न. 00009 [157/1(0.2590 हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - **नारायण काशीराम राऊत**
अनावेदक पक्षकार - **हरीराम**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण पिता काशीराम निवासी ग्राम बिजेतला तहसील घुमका जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उनके मामा हरिराम पिता जोहरी के नाम पर ग्राम बिजेतला प.ह.नं. 09 तहसील घुमका में भूमि ख.नं. 157/1 रकबा 0.259 हे. स्थित व दर्ज है. खातेदार हरिराम की मृत्यु दिनांक 4-9-10 को अविवाहित हो गया है. जिससे उनके स्वामित्व की कृषि भूमि को अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 09-07-25 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**घुमका, तह. व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### शिशु मंदिर में कृषि यंत्रों की पूजा

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 25 जुलाई को हरेली पर्व का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुंभकार समाज के नरेश पाड़े एवं शिव कुमार साहू थे। कृषि संकाय प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में परंपरा अनुसार सरस्वती माता एवं कृषि औजारों का पूजन अर्चन किया गया। सांस्कृतिक प्रमुख नेमूदास साहू ने कृषि एवं कृषि व्यवसाय के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समस्त आचार्य, दीदियां एवं भैया बहन शामिल हुए।

### न्याय पर भरोसा करे कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरूण



हथेल ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर जो अत्याचार जनता के साथ किया था उसे लोग अब तक भूले नहीं हैं। कांग्रेस हमेशा दलितों, पिछडों, गरीबों के नाम पर जो राजनीति करते आ रही है जबकि उसने जेब भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दायरे में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी आ चुके है। कई जेल में है किन्तु कांग्रेस कभी रोड पर नही आई लेकिन भूपेश बघेल ने पुत्र मोह में फंसकर कांग्रेस को सड़क पर ला दिया। उन्होंने कार्रवाई को जायज बताते हुए कहा कि कांग्रेस को न्याय पर भरोसा करना चाहिए।

### जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने वार्ड 7 कोपेभाठा के पास मैदान में चल रहे जुआ फड़ पर छापा मारकर दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक हजार नकद और ताश के पत्ते जब्त किया। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड 7 कोपेभाठा में कुछ लोग 52 पत्ती पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर छापा मारा। पुलिस को आते देख कुछ जुआरी भागने में सफल रहे, जबकि विनय तिवारी पिता राजेश तिवारी, निवासी वार्ड 7 और चंदन यादव पिता स्व. होमेश यादव, निवासी कृतबांस को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर अभिरक्षा में लिया गया।

### उल्लास से मनाया आजाद की जयंती

**पटेवा।** ग्राम के आजाद चौक में चन्द्रशेखर आजाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच प्रतिनिधि रविलाल वर्मा एवं भाजयुमो नेता प्रमोद दुबे के मार्गदर्शन में चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति की पूजा अर्चना ग्रामीणों ने किया। भारत माता की जयघोष के साथ आजादी दिलाने वाले महापुरुषों को याद किया गया।

### बारिश होने से आवाजाही बाधित होने की आशंका

# सड़क का बेस धंसा, बढ़ा हादसे का खतरा, सहमे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई से कवर्धा मार्ग पर लगभग 10 साल पहले बने रपटा पुल से सटी सड़क का मुरुम और पत्थर का बंधान बारिश के कारण उखड़ने और बहने लगा है। सड़क के खोखला होने से कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका है। यह पुल पुराने पुल के जर्जर हो जाने पर उसी के पास ऊंचा कर बनाया गया है। सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के लिए दोनों किनारे मुरुम भरकर पत्थरों से बंधान किया गया था। कटाव रोकने नीचे कंक्रीट की दीवार भी बनाई गई थी, जो अब बारिश में ढहने लगी है।

गंडई से कवर्धा मार्ग पर हर दिन सैकड़ों छोटी-बड़ी गाड़ियाँ गुजरती हैं। सड़क के नीचे की मुरुम बहने और धंसने लगा है। बारिश होने पर सड़क के और ख़राब होने की आशंका है, हालाँकि अनहोनी रोकने सड़क किनारे पत्थरों पर चूना लगाकर संकेतक के रूप में रख दिया गया है, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क के और ज़्यादा खराब होकर ढहने की आशंका बनी हुई है।



**बन रहा स्टीमेट**

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रितेंद्र गजपाल ने बताया कि वह दो-तीन दिन पहले मौके पर गए थे। इस्टीमेट बनाने कहा गया है। अभी वैकल्पिक व्यवस्था की बनाया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी न हो।

**निर्माण कार्य की खुली पोल**

नदी के कटाव को रोकने के लिए पुल से सटी सड़क के बंधान के नीचे कांक्रीट दीवार बनाई जाती है, जिसमें मजबूती के लिए छड़ों का इस्तेमाल किया जाता है। इस पुल के सड़क बंधान की कांक्रीट दीवार में छड़ों का उपयोग नहीं किया गया है। पुल निर्माण के समय बनाई गई कांक्रीट दीवार में छड़ लगाना स्टीमेट में था या नही ये कहना मुश्किल है परंतु छड़ नहीं लगाने के कारण यह दीवार भी टूट गई है। गोकना के देवानंद निषाद ने बताया कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त है और दिन-रात बड़ी संख्या में गाड़ियाँ गुजरती हैं। ऐसे में एक गलती जानलेवा हो सकती है। उन्होंने विभाग से इस समस्या की गंभीरता से लेते हुए समाधान निकालने की अपील की है।

# हाई मास्क लाइट बंद होने से गांव में अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



ग्राम सड़क अतरिया में सौर ऊर्जा चलित हाई मास्क लाईट लगाया गया है जो दो माह से बंद है। विभाग एवं ठेकेदार को अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक साल पहले सड़क अतरिया के दैहान में लाखों की लागत से हाई मास्क लाईट लगाया गया था।

ग्राम में लगभग आधा दर्जन से अधिक लाईट लगी है। तीन लाईट बीते दो माह से बंद है। हाई मास्क लाईट लगने के बाद भी ग्रामीण काफी परेशान हैं। सरपंच सोनम लोमश वैष्णव ने बताया कि इस समस्या से विभाग एवं ठेकेदार को अवगत कराया गया है पर सुधार पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी प्रकार नर्मदा मंदिर में भी हाई मास्क को लेकर समस्या बनी है। पुजारी कोमल दुबे ने बताया कि तीन साल पहले नर्मदा मंदिर परिसर, मैदान के मुख्य गेट में हाई मास्क लाईट लगाया गया था।करीब साल भर बाद से लाईट बंद है। लाईट बंद होने से पूरा क्षेत्र अंधेरा में डूबा रहता है।

**ठेकेदारों की लापरवाही**

जानकारी अनुसार सौर ऊर्जा चलित हाई मास्क लाईट ग्रामीण क्षेत्र में अनुबंध के तहत लगाया गया है। जिसमें लाईट लगने के बाद पांच साल तक ठेकेदार को देखरेख करना है। लाईट में समस्या आने पर ठेकेदार द्वारा दूर किया जाता पर सड़क अतरिया, नर्मदा सहित कुछ अन्य गांव की हाई मास्क लाईट बंद होने पर ठेकेदार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## गेड़ी दौड़ स्पर्धा में चंदन ने मारी बाजी



**डोंगरगढ़।** ब्लाक शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने हरेली के अवसर पर गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नमाज खान ने शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि प्रदेश की संस्कृति और परंपरा को बनाए रखने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने काफी काम किया था। इसी परंपरा को कायम रखने प्रतियोगिता का आयोजन का प्रयास किया जाएगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के लगभग 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान चंदन उड़के, दूसरा शुभम यादव और तीसरा स्थान हेमंत वर्मा ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा खोब्रागढ़े, हरीश भंडारी, इंद्रपाल सिंह राजा, चुम्मन साहू, राजूसिंह राजपूत, पार्षद के विनायक राव, जय किशोर अंबादे, नीतू लारोकर, दिनेश साखरे, बंटी गुप्ता, राजेन्द्र साहू, प्रकाश महानदी, अमन उज्जवने, तरुण फूले, सुमित श्रीवास्तव, मुकेश लारोकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क किनारे गड्ढा, हो चुकी कई दुर्घटनाएं

- मरम्मत की ओर पीडब्ल्यूडी का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



छुईखदान- गंड़ई मार्ग पर नर्मदा चौक के समीप गहरा गड्ढा हो गया जिसमें बरसाती पानी भरने से वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। नर्मदा चौक पर दीप वस्त्रालय के सामने का गड्ढा दिनों दिन गहरा होते जा रहा है जिसकी मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। इनायत बेग एवं ग्रामीणों ने बताया कि गुरूवार को मोटर सायकल सवार दो लोग गुजर रहे थे। गड्ढा में पानी भरे होने के कारण चालक को गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाया और वह गिर पड़े। इस घटना के कुछ देर बाद एक अन्य मोटर सायकिल चालक गिर कर घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले एक महिला अपने दूध मुंहे बच्चे को लेकर मोटर साइकिल से जा रही थी। इसी गड्ढे में वह भी गिर गई। इस हादसे में मां बच्चे को सामान्य चोट लगी। ग्राम के बसंत सिन्हा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत को लेकर लापरवाही बरत रहा है। सडक पर जगह जगह गड्ढे हो गए है जिसमें से कुछ जानलेवा हो गए है। जानकारी देने के बाद भी विभाग मरम्मत कराने की पहल नहीं कर रहा है। सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने विभाग से मरम्मत कराने की मांग की है।

## गेड़ी स्पर्धा में होरीलाल विजेता

- प्रेरणा संस्था कर रही 15 सालों से आयोजन

**छुईखदान।** नगर की प्रतिनिधि संस्था प्रेरणा के तत्वावधान में हरेली के मौके पर गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष, गिरिराज किशोर दास,शांतिलाल सांखला,संजय महोबिया, हेमंत शर्मा, रावल कोचर, राजकुमार जैन शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि गेड़ी किसानों का खेल है जिसे खेलने के लिए बहुत मेहनत और दिमाग की जरूरत पड़ती है। इस खेल को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रेरणा क्लब ने इसका आयोजन का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रेरणा क्लब के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस दौरान राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि आज के दौर में संस्कृति को जीवित रखना जरूरी है। हमे आने वाले कल के लिए संस्कृति को बचाना होगा।

लगातार 15 वे बरस की इस प्रतियोगिता मे आसपास के दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। पुलिस थाना चौक से शांतिलाल चौक तक लोगों का हुजुम दिखाई दिया। संस्था के प्रदीप श्रीवास्तव, ईसराईल सोलंकी, सुभ्भू सेठ, सुमेरकरण, मनोज कोचर, पवन चंद्राकर, टिक्कू श्रीवास्तव, तारेश चंद्राकर, शिवम मिश्रा,अक्कू महोबिया, सामोद श्रीवास्तव आदि ने आयोजन में अपना सहयोग दिया। संस्था के अध्यक्ष अशोक चंद्राकर, शरद श्रीवास्तव ने संचालन किया। इस दौरान पुलिस, नगर पंचायत, अस्पताल प्रशासन सेवा देने तैनात था।



**विजेताओं को किया पुरस्कृत**

गत पांच सालो से किस्मत आजमा रहे कोहलाटोला के होरीलाल ने प्रथम,हाटबंजा के रामनाथ कंवर द्वितीय, सिलपट्टी के गौतम निषाद तृतीय और कोहलाटोला के कांता चंदेल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को स्व दुलीचंद गोलछा की स्मृति मे सांत्वना पुरस्कार के रूप मे छाता दिया गया। आयोजन में शुभम चंद्राकर, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, नीलम वैष्णव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, सन्नी महोबिया सहित अन्य का योगदान रहा।

### सोनपुरी में स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों ने कराई जांच

**खैरागढ़।** ब्लॉक अंतर्गत राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें और स्वास्थ्य शिविरों का भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बीमारियों की प्रारंभिक पहचान संभव होती है, जिससे समय रहते इलाज हो सके।

शिविर में बीपी, शुगर, खून जांच सहित मौसमी बीमारियों की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों को इनसे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने भी इस शिविर आयोजन को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया और कहा कि इससे उन्हें घर बैठे ही स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिली है।

इस दौरान जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, नरेश कुर्रे, देवकुमार सेन, पूर्णाचंद गुप्ता, देवकुमार वर्मा, रोहित वर्मा, गुणेश वर्मा, सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस संगठन में बदलाव की सुगबुगाहट, बैठक संपन्न

- प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राष्ट्रीय और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संगठन में मजबूती लाने की तैयारी चल रही है जिसे लेकर राज महल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गंडई सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में प्रभारी संदीप सिरमौर ने बताया कि ब्लाक पदाधिकारी कार्यकारिणी सहित मोर्चा संगठन के ब्लाक अध्यक्षों की बैठक लेकर सर्वसम्मति से सीमांकन कर भौगोलिक व मतदाताओं के अनुरूप मंडल का गठन करेंगे। बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय मंडल कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी गठन प्रक्रिया में क्षेत्रीय विधायक, पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति, आदिवासी, पिछडा, अल्पसंख्यक एवं महिला वर्ग को न्यायसगत प्रतिनिधित्व देते हुए 50 प्रतिशत एवं 50 वर्ष के कम आयु वर्ग के युवाओं तथा एक व्यक्ति एक पद को लागू किया जाना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कांग्रेसजनों की बातों को ध्यान से सुना। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, मन्नू चंदेल ने भी संबोधित किये। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया गया।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता ठाकुर, दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, मन्नू चंदेल, रणजीत चंदेल, राजेश पाल, मंजू नेताम, अमित टंडन, बालकदास डहरिया, निरंजन धनकर, नारायण चतुर्वेदी, शैलेंद्र जायसवाल, क्रांति ताम्रकार, वेदांत यदु, निशार खान, कमलेश यादव, बालकिशन यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### पालकी यात्रा में अघोरी और नर्तक दल हुए शामिल

# चंद्र मौलेश्वर की पालकी यात्रा में बरसे श्रद्धा के फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सावन महोत्सव मनाते हुए गुरूवार को बाबा भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर पालकी यात्रा निकाला गया। हनुमान मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिए निकली पालकी यात्रा में रिकार्ड लोग शामिल हुए। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भोलनाथ की पूजा अर्चना किया।

महाकाल मंदिर संस्थान सिंघोला के प्रमुख पवन डागा, गोलु गुप्ता, राजू डागा सहित स्थानीय भक्तों के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। यात्रा में भोलेनाथ चंद्रमौलेश्वर के साथ अघोरी नर्तक दल, राजनादगांव का प्रसिद्ध अखाड़ा, राउत नाचा और भजन गायक संजीव भाई और उनकी टीम शामिल हुई। नगर के एतिहासिक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली पालकी यात्रा सदर लाईन, शिव मंदिर, मुख्य मार्ग से होते हुए साकेतधाम पहुंची। राजीव चौक पर बोधीटोला के युवाओं की टीम ने पालकी सजाकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।





**उमड़ी लोगों की भीड़**

उल्लेखनीय है कि गुरूवार को हरेली पर्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष पालकी यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, प्रेम गोस्वामी, अनिल टावरी, कोमल साहू, सुनीता मालेकर, सुनील टावरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, गोपाल टावरी, प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, दीपक शर्मा, तरूण गांधी, हेमंत यदु, राजू सोनी, गिरीश पंसारी, रितेश राजपूत, सरिता ढीमर आदि प्रमुखता से शामिल हुए। अंतिम पड़ाव में साकेतधाम में आरती किया गया। यहां भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### छत्तीसगढ़ी खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ककरेल में हरेली तिहार के अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा रमेश चंद्राकर ने ग्रामीणों को सम्मानित किया। हरेली तिहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान स्कूल मैदान में कबड्डी, खो-खो, फुगड़ी, रस्सी दौड, का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणों नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर आनंद उठाया।



## दौरे पर पहुंचे कलेक्टर ने दफ्तरों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे शुक्रवार को क्षेत्र के दौरे पर आए। कलेक्टर श्री भूरे ने तहसील कार्यालय, आत्मानंद स्कूल, नगर पंचायत और सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील के नवनिर्मित भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी में संस्थागत प्रसव, महतारी वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी ली।अस्पताल परिसर में साफ़ सफ़ाई सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया । नगर में आंगनबाड़ी भवन, पाइपलाइन, बोर खनन और ट्रेक्टर हेतु डीएमएफ से प्रस्तावित किया गया । आत्मानंद स्कूल इंग्लिश मीडियम स्कूल में नवीन फर्नीचर की व्यवस्था करने निर्देशित किया।

## सार समाचार

### मेडिसिन विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** पेंड्री में स्थित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जमकर भर्राशाही व्याप्त है, जहां पूर्व में भी भोजन से लेकर विभिन्न अनियमितताओं की शिकायत मिलती रही है। अब उसी कड़ी में मेडिसिन विभाग में कार्यरत विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार तिर्की द्वारा लगातार अनाधिकृत निजी प्रैक्टिस किए जाने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हो रही है। उक्त प्रकरण में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने सहयोगियों, युवा कांग्रेस जिला महासचिव राहुल गजभिये, कांग्रेस युवा नेता संदीप सोनी, ओंकार दीक्षित, सैयद रेहान आदि सहित अपर कलेक्टर श्रीमती बंजारे से भेंट कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

श्री मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि किस प्रकार उक्त डॉक्टर द्वारा लगातार शासन की आंखों में धूल झोंककर निजी मेडिकल से दवाई व निजी डायग्नोस्टिक से जांच करवाई जा रही है। साथ ही मेडिकल में 4 से 8 बैठकर डॉक्टर गरीब मरीजों को वहां फॉलोअप के लिए आने दबाव बनाते हैं। सील ठप्पा लगाकर प्रेसक्रिप्शन दिया जा रहा है। जबकि अस्पताल के रिकॉर्ड के हिसाब से उक्त डॉक्टर ने किसी मरीज को नहीं देखा है। उक्त प्रकरण में अस्पताल में ही कार्यरत एक फार्मासिस्ट की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है।

### टीम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी त्यौहारों में बहुतायत में उपयोग की जाने वाली खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के गुणवत्ता निर्धारण के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गैराज सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाले पनीर, कुंदा, खोवा, मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रतिष्ठित फर्मों से भी खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए जब्त की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रौनक इंटरप्राइजेस से स्पॉन्ज, कढ़ी, दही और बर्फी का विधिक नमूना जब्त किया गया। इसके साथ मिलन स्वीट्स से खोवा, मोती स्वीट्स से कुंदा एवं शांता फूड्स परीकला से पनीर के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किया गया। मिलन स्वीट्स में आवश्यक साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर 3 दिवस के भीतर व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए गए। मोती स्वीट्स से 50 किलो कुंदा जब्त कर संचालक की अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु संग्रहित किया गया। त्यौहारी सीजन को देखते विशेषकर रक्षाबंधन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### महाराष्ट्र की 19 बल्क लीटर देशी संत्री जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 19.800 बल्क लीटर महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री जब्त किया गया। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे के दल द्वारा थाना बागनदी ग्राम सीतागोटा में लोकचंद चौधरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 50 नग पाव कुल मात्रा 9 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री एवं संतोष कुमार उइके के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 60 नग पाव कुल मात्रा 10.800 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री जब्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

### आज कारगिल विजय दिवस

**राजनांदगांव।** पूर्व सैनिक संगठन राजनांदगांव द्वारा कल 26 जुलाई को सुबह 11 बजे गौरव स्थल जीई रोड में कारगिल विजय दिवस अवसर पर 26वां विजय उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, लोकसभा सदस्य संतोष पांडेय तथा अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे।

भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि उक्त आयोजन सिर्फ कारगिल विजय की याद तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सामाजिक समरसता व राष्ट्र सेवा, बंधुत्व, शांति और लोगों के मध्य राष्ट्र प्रेम की जागरूकता लाना है। इस अवसर पर 527 कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी। साथ ही शहर के सौभाग्यशाली कारगिल युद्ध के योद्धाओं का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अपने युद्ध कौशल का परिचय दिया है और देश के आन-बान-शान की रक्षा की।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बाईक रैली का आयोजन शहर के गौरव स्थल से प्रारंभ होकर प्रमुख चौक-चौराहे से होते हुए बसंतपुर चौक से गौरव स्थल पर समाप्त होगा और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित की जाएगी। उक्त जानकारी भूतपूर्व सैनिक संगठन के सचिव देवेन्द्र देवांगन एवं प्रवीण साहू द्वारा दी गई।

## पुलिस ने चलाया जांच-पड़ताल अभियान

# फेरीवालों की पहचान के लिए 150 से अधिक घरों में पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बाहर से आए मुसाफिर, फेरी वालों एवं अवैध अप्रवासी भारतीय तथा बदमाशों की पहचान हेतु पुलिस ने जांच अभियान चलाया। जिसके तहत लगभग 150 से अधिक घरों की जांच की गई।

अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने जांच अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 25 जुलाई को पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की।



#### असामाजिक तत्वों की जांच

उक्त स्थान पर रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गश्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

#### सौ से अधिक पुलिस जवानों ने दी दबिश

जिसमें कोतवाली निरीक्षक रामेंद्र सिंह, बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी लालबाग निरीक्षक रमेश साहू, पुलिस चौकी चिखली प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव, पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी, पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, पुलिस चौकी सुकुलदैहान प्रभारी निरीक्षक मनीष ध्रुव, पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पटेल सहित लगभग 100 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत सृष्टि कॉलोनी अटल आवास के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 150 से अधिक घरों को चेक किया गया।

## छुईखदान पुलिस की कार्रवाई

# धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार



**छुईखदान।** धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी शांतिलाल जैन निवासी छुईखदान ने थाना छुईखदान में लिखित शिकायत दिया था कि 15 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन में कॉल आया। बात करने पर कॉल करने वाला व्यक्ति ने अपने आपको सौरभ जैन होना बताकर 500 बोरी अल्ट्राटेक सीमेंट कीमती 147500 रुपए का आर्डर दिया और सीमेंट को मुढिया मोहारा भेजने बोला, जिस पर प्रार्थी ने 500 बोरी सीमेंट सौरभ जैन नाम के व्यक्ति को उसके बताए पते पर भेजा, जिसे सौरभ जैन नाम के व्यक्ति ने सीमेंट को किसी अन्य व्यक्ति को बिक्री कर सीमेंट का रुपए को ले लिया और प्रार्थी शांतिलाल को सीमेंट का 147500 रुपए को नहीं देकर धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सूत्र सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम केसीजी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते आरोपी देवेन्द्र वर्मा 24 वर्ष निवासी तरपोंगी थाना धरसींवा जिला रायपुर, पूरब रजक 30 वर्ष निवासी धमधा थाना धमधा जिला दुर्ग को धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत 24 जुलाई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है एवं आरोपी आशुतोष मिश्रा 27 वर्ष निवासी पन्नी थाना मऊगंज जिला मऊगंज (मप्र) को 25 जुलाई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया है। विवेचना मामले में अन्य आरोपी की पता तलाश किया जा रहा है।

# कच्ची महुआ शराब जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बिरेझर थाना घुमका में भावसिंह ठाकुर के कब्जे से दो पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन में 9 बल्क लीटर कच्ची हाथभट्टी महुआ शराब एवं सुग्रीव यादव के कब्जे से एक पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन 4 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करी गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में कुसुमलता जोल्हे, राजकुमार कुर्रे, जनार्दन प्रसाद पांडेय, निजाम शाह, दीपक गुप्ता, ताम्रध्वज ठाकुर, आर्यन ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल, मनीष, दीपक, सुरेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पोर्टल में कृषकों का किया जा रहा पंजीयन

**राजनांदगांव।** जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों का पंजीयन कराया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री अंतर्गत किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में किसानों के पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कृषि विभाग को सक्रियता के साथ कृषक पंजीयन कराने निर्देश दिए। एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त है।

कृषि विभाग द्वारा जिले में पंजीकृत 127107 कृषकों में से 104684 कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल फार्मर रजिस्ट्री कराया जा चुका है। शेष 22423 कृषकों का 14 अगस्त 2024 तक शिविरों के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा घर-घर जाकर पंजीयन के लिए छूटे हुए कृषकों का चिन्हांकन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत एवं सहकारी समिति में शिविर का आयोजन कर चिन्हांकित कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत के माध्यम से कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान के तहत लगातार कृषकों का पंजीयन कराने जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है और पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग की टीम ग्राम लालूटोला, नवागांव, रीवागहन, टाकुरटोला, भेजराटोला, किरगी ब सहित विभिन्न ग्रामों में लगातार दौरा कर रही है और कृषकों की समस्या का समाधान कर रही है। किसानों के पंजीयन के संबंध में आने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं से अवगत करा रहे हैं।

# जागरूकता शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार योजना की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईबी ग्रुप के कार्पोरेट ऑफिस राजनांदगांव में 25 जुलाई को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के माध्यम से भारत सरकार द्वारा लागू की जा रही रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी नियोजकों को प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन ईपीएफओए क्षेत्रीय ऑफिसए रायपुर के अधिकारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जयवदन इंगले क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त इंचार्ज छत्तीसगढ़, एंफोर्समेंट ऑफिसर्स वीएस काकोडिया, हितेश कुमार तिवारी, योगिता साहू एवं सेक्शन सुपरवाइजर अजय कुमार दीवान पीएफ कार्यालय से एवं आईबी ग्रुप से डॉ. निखिल राव शेलार जीएमएचआर ऑपरेशन, शशिकांत सिन्हा सीनियर मैनेजर एचआर एंड एडमिन एवं संजय कथायत हेड ऑफ मैन्युफैक्चरिंग तथा एचआर की टीम उपस्थित थे। इस दौरान राजनांदगांव क्षेत्र के नियोक्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आईबी ग्रुप के अधिकारियों द्वारा अतिथियों के स्वागत पश्चात जयवदन इंगले द्वारा पीएफ स्कीम्स की जानकारी दी गई। योगिता साहू द्वारा वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी गई। तत्पश्चात इंगले पीएफ कमिश्नर द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उपस्थित नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। अंत में आईबी ग्रुप के डॉ. निखिल राव शेलार एचआर हेड व शशिकांत सिन्हा द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते सरकार के प्रयास को सराहनीय कदम बताया। जिससे रोजगार व कर्मचारियों के हितलाभ में अवश्य वृद्धि होगी।

# मोपेड में शराब ले जाते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री-परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान कार्रवाई के तारतम्य में 24 जुलाई की संध्या पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति स्कूटर से अवैध शराब परिवहन कर बिक्री हेतु ले जा रहे हैं। सूचना पर चिखली ओवरब्रिज के पास स्टेशनपारा में नाकाबंदी कर वाहन को रोककर चालक से पूछताछ किया, जिस पर वह अपना नाम खूबलाल जंघेल 45 वर्ष निवासी मोतीपुर एवं स्कूटर में पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम हेमंत पटेल 29 वर्ष निवासी रेलवे क्रॉसिंग के पास मोतीपुर का रहने वाला बताया। वाहन चालक के कब्जे से कपड़े के थैले की तलाशी लेने पर उसमें रखे 24 पाव शोले मसाला मंदिरा देशी बरामद हुआ। पुलिस ने शराब एवं वाहन को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



# प्रेस क्लब कॉलोनी में तैनात होंगे सुरक्षाकर्मी

## सामान्य सभा में सात प्रस्ताव पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब कॉलोनी की सुरक्षा के मद्देनजर अब पूरे परिसर में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाने को लेकर सर्वसम्मति से सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर दिया है।

प्रेस क्लब हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी के अंतर्गत आने वाले पत्रकार कॉलोनी लगभग बनकर पूरी तरीके से तैयार हो चुकी है। अब परिसर की सुरक्षा के लिए सोसायटी ने सुरक्षाकर्मी तैनात करने का फैसला लिया है। सोसायटी की वार्षिक सामान्य सभा में सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है।

प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित राजनांदगांव की वार्षिक साधारण सभा की बैठक मंगलवार दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। बैठक में सात मुद्दों पर समिति ने प्रस्ताव तैयार किए थे, जिस पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से फैसला लेते सभी प्रस्ताव को पास कर दिया है।

#### शेष कार्यों के लिए प्रयासरत हूं : अग्रहरि

बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि व हाउसिंग बोर्ड समिति अध्यक्ष मिथलेश देवांगन, उपाध्यक्ष विरेन्द्र बहादुर सिंह ने सदस्यों को आश्वासन देते कहा है कि पत्रकार कॉलोनी लगभग पूर्णता की ओर है। अन्य शेष निर्माण कार्यों के लिए शासन स्तर पर मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के पदाधिकारी और प्रेस क्लब के सभी पत्रकार साथी एकजुट होकर इसके लिए प्रयासरत हैं।

#### सीसीटीवी कैमरा भी लगेगा

प्रेस क्लब हाउसिंग बोर्ड समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने बताया कि समिति के वार्षिक साधारण सभा की बैठक प्रेस क्लब में रखी गई, जहां वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन एवं वित्तीय पत्रक का अवलोकन, वर्ष 2025-26 का प्रस्तावित बजट एवं प्रस्तावित कार्यक्रम का अवलोकन, अंकेक्षण वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 का ऑडिट रिपोर्ट का अवलोकन, संस्था का ऑडिट हेतु अंकेक्षक नियुक्त करने, प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित राजनांदगांव की निर्माणाधीन कॉलोनी में विकास कार्य का अवलोकन कर प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही कॉलोनी के निर्माण एवं प्रगति की जानकारी भी सदस्यों को दी गई। वहीं निर्माणाधीन कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरा लगाने के मामले में प्रस्ताव कर सहमति दी गई है।

## रक्षित आरक्षी केन्द्र का किया गया परेड निरीक्षण

# आईजी ने दरबार लगाकर सुनी जवानों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य ने रक्षित केन्द्र का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दरबार लगाकर जवानों की समस्याएं सुनी एवं समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य वार्षिक निरीक्षण हेतु 25 जुलाई को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव पहुंचे, जहां क्वार्टर गार्ड में उन्हें सलामी दी गई। तत्पश्चात जनरल परेड में उन्होंने सलामी लिया।

#### अनुशासित रहकर कार्य का करें निर्वहन

परेड के पश्चात एमटी शाखा में वाहनों का निरीक्षण, लाइन ऑफिस स्टोर शाखा, शस्त्रागार, वस्त्रागार शाखा का भी निरीक्षण किया गया एवं संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही रक्षित केन्द्र जिम का भी निरीक्षण किया गया। जिसके पश्चात उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का दरबार लगाकर पुलिस जवानों के समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अनुशासित रहकर अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए। सभी जवानों के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत ही आवश्यक है, जिसके लिए संयमित खानपान एवं नियमित व्यायाम करने हेतु निर्देशित किया गया।



#### 170 अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

पुलिस महानिरीक्षक के वार्षिक निरीक्षण परेड में रक्षित केन्द्र, थाना, चौकी, यातायात शाखा एवं डॉक स्कार्ट के कुल 170 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। परेड में शामिल पुलिस जवानों का टर्नआउट एवं परेड का निरीक्षण किया। साथ ही डॉग स्कॉड का भी निरीक्षण किया गया, जिन अधिकारी-कर्मचारियों का टर्नआउट साफ-सुथरा व उच्चकोटि का पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उनके द्वारा ईनाम दिया गया और जिनकी वर्दी ठीक नहीं थी, उन्हें सुधार हेतु हिदायत दी गई। आईजी द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्कावर्ड ड्रील कराने को कहा गया। जिनके कमांड पर जवानों ने बेहतरीन परेड का प्रदर्शन किया।

### बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद् की बैठक कल 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं अनुमोदन किया जाएगा। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिशा की बैठक आज

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में कल 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गांव पहुँचकर प्रदान किया प्रमाण पत्र

# ग्राम जिंदा को मिला छत्तीसगढ़ का पहला टीबी मुक्त गांव होने का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त आधार देते हुए कबीरधाम जिले ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की ग्राम पंचायत जिंदा को प्रदेश का पहला टीबी मुक्त ग्राम घोषित किया गया है। इस उपलब्धि को मान्यता प्रदान करते हुए आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने ग्राम जिंदा पहुँचकर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गंभीरता से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी जिसे पहले एक गंभीर बीमारी माना जाता था। अब आधुनिक चिकित्सा, टीकों, दवाइयों और जनसहभागिता के चलते नियंत्रण और समाप्ति की दिशा में है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य अभियान की सफलता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं होती, बल्कि उसमें समाज की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिले में 84 ग्राम पंचायतों का टीबी मुक्त घोषित होना इसी सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक सक्रियता का प्रमाण है। जायसवाल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की भूमिका की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सतत निगरानी, सजगता और नेतृत्व में जिले को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में निक्षय मित्र योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, जिसमें जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए टीबी मरीजों को नियमित दवा और पोषण सहायता उपलब्ध कराई गई। इसी मॉडल को आधार बनाकर टीबी की रोकथाम और मरीजों के जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित किया गया।

#### जिले की 84 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम जिंदा को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गांव प्रदेश के लिए एक प्रेरणा बन गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम जिंदा की सक्रियता, सजगता और सामूहिक प्रयासों के चलते यह संभव हो सका है। उन्होंने जानकारी दी कि कबीरधाम जिले की कुल 84 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त हो चुकी हैं, जो कि प्रदेश ही नहीं, देश के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में नए हितग्रहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सीसीएमएससी बोर्ड के अध्यक्ष दीपक महसके, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, सहित कई जनप्रतिनिधिगण और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# पाण्डातराई विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली तिहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांडातराई

जिले के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई में हरेली तिहार का पर्व बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं और शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और कृषि परंपराओं को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि यंत्रों का विधिवत पूजन व छत्तीसगढ़ का पारम्परिक व्यंजन चिला का भोग से किया। मुख्य आकर्षण, पारंपरिक वेशभूषा विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक हरे रंग का वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे, हरेली उत्सव में हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति और हरियाली के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त किया। यह रंग जीवन, उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि का प्रतीक है, जो मानसून के मौसम में प्रकृति के हरे-भरे रूप से मेल खाता है। लोक नृत्य और गीत स्कूली बच्चों ने गेड़ी नृत्य, कर्मा नृत्य और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दीं। गेड़ी दौड़, हरेली का प्रमुख आकर्षण गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब उत्साह दिखाया। नारियल फेंक हमारे विद्यालय में हरेली उत्सव के अवसर पर नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वनस्पति कला की एक रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वनस्पति विज्ञान के ज्ञान का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और कलात्मक कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पत्तियों, फूलों, टहनियों और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके आकर्षक कलाकृतियाँ बनाईं। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल दास गुप्ता ने हरेली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण और कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

# शौचालय जर्जर, स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है परेशानी, व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम जेवड़न खुर्द के शासकीय मिडिल स्कूल की दर्ज संख्या 101 से अधिक है जहां के शौचालय अत्यंत जर्जर एवं बदहाल होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिनके कारण से बच्चे लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है तथा स्कूली बच्चे को खुले शौच जाना मजबूरी है जिनके कारण से बच्चे परेशान है यदि शौचालय की तत्काल मरम्मत तथा सुधार नवनिर्माण कराया जाए तो स्कूली बच्चों को राहत मिल सकता है शौचालय के अभाव के कारण बच्चे खुली में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जानकारी के अनुसार शौचालय अत्यंत जर्जर हो चुके हैं क्षतिग्रस्त हो चुके हैं टूट फूट हो गए हैं दरवाजे खिड़की नहीं है जिनके कारण से बच्चे परेशान हैं यदि शासन प्रशासन इस ओर ध्यान देकर शौचालय की व्यवस्था कर दिया जाए तो स्कूली बच्चों को राहत मिल सकता है अन्यथा नहीं एक तो खुले में शौच जाना सख्त मना है क्योंकि शौच मुक्त गांव हो चुके हैं।

# अभ्युदय स्कूल में सीबीएसई लाइफ स्किल पर आधारित एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कभी-कभी एक दिन इतना कुछ सिखा देता है, जितना महीनों में नहीं होता। शहर के कोलाहल से दूर प्रकृति की सुरम्य वातावरण में स्थित अभ्युदय स्कूल कवर्धा का प्रांगण 24 जुलाई 2025 को कुछ ऐसा ही अनुभव कर रहा था, जब वहाँ सीबीएसई द्वारा आयोजित लाईफ स्किल एजकेशन प्रशिक्षण सत्र ने ज्ञान, भावनाओं और विचारों की लहरें दौड़ा दीं। इस कार्यक्रम की शुरुआत शांति और श्रद्धा से दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ किया गया। रिसोर्स पर्सन श्रीमती स्मिता साहू एवं शिरीष द्विवेदी, साथ में,अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीता सिंह और उप प्राचार्य एफआर खान ने दीप जलाकर इस कार्यक्रम को आरंभ किया। वही जीवन कौशल यानी वो बातें जो किताबों से नहीं, अनुभवों से आती हैं। शिक्षकों ने सीखा कि कैसे सुनना, समझना और सिखाना एक दिशा में आ जाए तो विद्यार्थी सिर्फ अच्छे अंक नहीं, बेहतर इंसान भी बनते हैं और जीवन जीने के भिन्न-भिन्न कौशलों को आत्मसात भी कर पाते हैं। प्रशिक्षण में गतिविधि के दौरान बताया गया कि कैसे केस बेसड एक्टिविटीस छात्रों को समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाती हैं। कैसे एक शिक्षक मेंटर, गाइड और दोस्त बनकर विद्यार्थियों का विश्वास जीत सकता है और कैसे जीवन कौशल पढ़ाने के लिए खुद शिक्षक को धैर्य, सहानुभूति और आत्मानुभूति सीखनी होगी। इस सत्र में अभ्युदय स्कूल कवर्धा,अकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा और होली किंगडम स्कूल कवर्धा के शिक्षक शामिल हुए और सबसे खास बात, वे श्रोता नहीं, सक्रिय सहभागी रहे। संस्था की अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली संबोधन में कहा कि शिक्षक वह नहीं जो सिर्फ पाठ पढ़ाए शिक्षक वो है जो बच्चे को जीवन जीने की कला सिखाए। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे पास सिर्फ चॉक और बोर्ड नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी है। यह दिन सिर्फ एक प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि एक प्रेरणा थी सोचने की समझने की और कुछ नया रचने की।

# कुर्मी समाज के युवाओं ने सावन में किया भंडारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज युवा प्रकोष्ठ द्वारा जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर उत्तर मे स्थित प्रसिद्ध पुरातन तीर्थ स्थल जालेश्वर महादेव धाम डोंगरिया-खरहट्टा में वृहद भंडारा प्रसादी सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शिवभक्त श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी, हलवा और केले के प्रसाद का आनन्द लिया। सुबह भूतभावन भगवान भोलेनाथ की पूजा, अर्चना व जलाभिषेक से शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक अनवरत रूप से चलता रहा। इस दौरान चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा के युवा अध्यक्ष विरेन्द्र चन्द्रवंशी, महासचिव कैलाश चन्द्रवंशी व कोषाध्यक्ष दीनानाथ चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर बताया कि कुर्मी समाज द्वारा जालेश्वर महादेव धाम डोंगरिया में यह लगातार चतुर्थ वर्ष भंडारा प्रसादी सेवा का आयोजन किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि भंडारा आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान के भक्तों की सेवा कर पूण्य लाभ अर्जित करना है। यह एक सामाजिक गतिविधि है जो समुदाय में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है। भंडारा आयोजित करने से न केवल दूसरों को अन्नदान किया जाता है, बल्कि इससे आत्मिक संतुष्टि भी मिलती है और मां अन्नपूर्णा की कृपा प्राप्त होती है। भंडारा आयोजन के अनेक महत्व हैं। भंडारा धार्मिक अनुष्ठानों, जैसे पूजा, यज्ञकिया किसी मंदिर में विशेष कार्यक्रम के बाद आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य भगवान के प्रति आभार व्यक्त करना और आशीर्वाद प्राप्त करना है। भंडारा सभी जातियों, धर्मों और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता है, जिससे समुदाय में एकता और भाईचारा बढ़ता है। भंडारा एक सेवा कार्य है जो समुदाय के प्रति समर्पण और सहयोग की भावना को दर्शाता है। कुर्मी समाज के युवा अध्यक्ष विरेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि भंडारे का आयोजन समाज के सभी सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया जाता है। इस चतुर्थ वर्ष के आयोजन में लगभग बारह हजार श्रद्धालुओं एवं कावड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा के सभी युवा पदाधिकारी, युवा सदस्य, एवं सैकड़ों की संख्या सामाजिक युवा बंधु उपस्थित थे। सभी युवा साथियों द्वारा इस आयोजन को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान कर सफल बनाने वालों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया गया।

# एक पेड़ मां के नाम पर ग्राम पालक में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पालक में एक पेड़ माँ के नाम पर बच्चों के साथ उनके माताओं को आमंत्रित कर वृक्षारोपण कराया गया। साथ ही उन वृक्षों की देखरेख और निगरानी का दायित्व उन बच्चों और माताओं को दिया गया। एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती तीजनबाई स्वयं अपने पुत्री कु.जमुना के साथ वृक्षारोपण में अशोक के पौधे रोपकर कार्यक्रम की शुरुवात की।

उसके बाद गांव की अन्य माताओं ने भी स्कूल परिसर में पौधे रोपकर उनके सुरक्षा का दायित्व लिया। वृक्षारोपण हेतु गांव में जागरूकता लाने प्रधानपाठक सुरतिया राम साहू, शिक्षक कृष्णकुमार बघेल और श्रीमती एमेल्डा मिंज सहित एनजीओ समर्थ शिक्षक राम विश्वकर्मा ने सार्थक प्रयास किया।

## पं. राजेश शुक्ला जिला अध्यक्ष नियुक्त



**हरिभूमि कोलेगांव।** ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के पदाधिकारी के द्वारा जिला कबीरधाम के पंच कैलाशी पंडित राजेश शुक्ला को ब्राह्मण समाज का जिला अध्यक्ष दायित्व सौपा गया है जिसमें यह जानकर अति हर्ष होगा कि आपके समाज के प्रति सेवा को देखते हुए आपको ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत द्वारा राष्ट्रीय प्रदेश जिला में जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है जो गर्व की बात है हमारे समाज के लिए इसलिए ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष बनाया गया जिससे समाज के अपना दायित्व को निभाते हुए समाज को समाज की दृष्टि से समाज को आगे ले जाने के लिए कार्य किया जाए जिससे समाज में एकता भाईचारा बना रहे ताकि समाज में समाज के प्रति किसी के साथ भेदभाव ना रहे समाज में रहकर समाज में ही काम किया जाए समाज के द्वारा पंच कैलाशी पंडित राजेश शुक्ला को जिला अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। जिसमें दिनेश पाण्डेय पवन शर्मा, विनय शर्मा जनपद प्रतिनिधि ममता विजय शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, भीष्म तिवारी, नंद पांडे, संतोष अवस्थी, कमलेश मिश्रा, संतोष शुक्ला, बृजेश प्रयेस तिवारी, राजेश पांडेय, कुलदीप शर्मा, राहुल शर्मा, राजा द्विवेदी, धर्मेंद्र शर्मा, आनंद मिश्रा, महेश मिश्रा, दीपक तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, निरमचंद तिवारी, अजय पाठक, प्रमोद शुक्ला, प्रफुल्ल तिवारी ब्राह्मण समाज के द्वारा पंच कैलाशी पंडित राजेश शुक्ला को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

## प्राथमिक शाला मक्के में किया गया पौध रोपण



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में एक पेड़ माँ के नाम पर बच्चों के साथ उनके माताओं को आमंत्रित कर वृक्षारोपण कराया गया। साथ ही उन वृक्षों की देखरेख और निगरानी का दायित्व उन बच्चों और माताओं को दिया गया। माताओं ने शाला परिसर और अपने घरों में वृक्षारोपण किया । श्रीमती चंपा, सुकृति, दुखिया, संतोषी, भुवनेश्वरी ज्ञानेश्वरी, पारागा, राजवंती, शिवबती, प्रमिला, रेवती, इंद्राणी, बीना, धनमत, तुलेश्वरी, अमरिका, मधु, गंगोत्री, संतोषी, दुआसा, सभी ने अपनी पुत्री, पुत्रो के साथ वृक्षरोपण किया वृक्षारोपण में अशोक के पौधे रोपकर कार्यक्रम की शुरुवात की। उसके बाद गांव की अन्य माताओं ने भी स्कूल परिसर में पौधे रोपकर उनके सुरक्षा का दायित्व लिया। वृक्षारोपण हेतु गांव में जागरूकता लाने प्रधानपाठक श्रीमती एल्विना विल्सन, शिक्षक नंदकिशोर साहू, पालक नरेश साहू, रसोईया राजन साहू, राजवंती साहू, मोहित साहू और बच्चों ने भाग लिया।

# मां लक्ष्मी बोल बम समिति अमलीमालगी के कावड़ियों ने किया महादेव मंदिर में जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी के मां लक्ष्मी बोल बम समिति के द्वारा 8 वर्ष लगातार बोल बम जा रहे हैं इस बार भी 45 कांवरिया प्रत्येक वर्ष के भांति इस बार भी माँ लक्ष्मी बोल बम समिति ग्राम अमलीमालगी से 16 जुलाई को अमरकंटक से जलेश्वर महादेव डोगरिया एवं बूढ़ा महादेव कवर्धा मैं जल अभिषेक किया उसके बाद अपने ग्राम अमली मालगी मे 24 जुलाई को बूढ़ा महादेव में जल अभिषेक कर पूरे क्षेत्र की कुशलता एवं समृद्धि की कामना किया गया जिसमें मां लक्ष्मी बोल बम समिति के अध्यक्ष कांता सिंगरौल उपाध्यक्ष केशव साहू एवं सदस्य ओंकार साहू, राजू साहू, ईश्वर साहू, सूरज साहू, के नियम के अनुसार बताया गया कि 16 तारीख को ग्रामीण अमलीमालगी से अमरकंटक प्रस्थान किया उसके बाद वहां नर्मदा मां का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव के सुख शांति खुशहाली समृद्धि के लिए जल अभिषेक कर अमरकंटक से ग्राम अमली मलगी 21 तारीख को महादेव में जल अभिषेक किया गया गांव पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा मां लक्ष्मी बोल बम समिति का बाजे फटाका माला के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं ग्राम वासियों के द्वारा अपने-अपने घर पर नारियल भेंट कर समस्त मां लक्ष्मी बोल बम समिति अमलीमालगी का स्वागत किया गया।

### कबीरधाम में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाअभियान का शुभारंभ, 5.47 लाख पौधे रोपण का लक्ष्य

# पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभवः उपमुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और पर्यावरण के प्रति उनकी दूरदृष्टि को साकार करते हुए कबीरधाम जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ पूरे जिले में एक साथ किया गया। यह अभियान 25 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 5.47 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इस महाअभियान का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम पँचायत जिंदा और जिला अस्पताल के मैदान में छायादार पौधा रोपण कर किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। जिस तरह हम मां की सेवा करते हैं, उसी भावना से एक पौधा लगाकर धरती माता को समर्पित करें। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशभर में हरित क्रांति की दिशा में ठोस कार्य कर रही है और कबीरधाम जिले की यह सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हर पौधा केवल ऑक्सीजन का स्त्रोत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार है। यह अभियान मां के प्रति श्रद्धा और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने अभियान में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों को सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेषर पटेल, सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक महसके, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पौधरोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई।

#### जिले के चारों विकासखंडों में चल रहा महाभियान

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी दी कि महाअभियान के अंतर्गत जिले में कुल 5,47,112 पौधे रोपे जाएंगे, जिनमें 4,67,000 पौधे ग्राम पंचायतों में तथा 80,112 पौधे शैक्षणिक संस्थानों में लगाए जाएंगे। विकासखंडवार लक्ष्य इस प्रकार निर्धारित किए गए हैं बोड़ला विकासखंड 1,39,600 पौधे, पंडरिया विकासखंड : 1,67,058 पौधे, कवर्धा विकासखंड 1,18,361 पौधे, सहसपुर लोहारा विकासखंड : 1,22,093 पौधे, प्रत्येक विकासखंड में चार-चार क्लस्टर बनाकर अभियान की कार्य योजना तैयार की गई है। पौधों की आपूर्ति के लिए लालपुरकला, खुटू, मोहतराखुर्द, कुई, खाम्ही, रनजीतपुर, चंदैनी सलिहा और सहसपुर लोहारा की नर्सरियों को चिन्हांकित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत, वन विभाग, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, कृषि, सहकारिता एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 जुलाई को

**कवर्धा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 30 जुलाई 2024 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया जिला अस्पताल में सिटी स्कैन यूनिट का लोकार्पण

## जिला अस्पताल कवर्धा में शुरू हुई सीटी स्कैन मशीन, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के इतिहास में 25 जुलाई का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा एवं उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों के फलस्वरूप जिला अस्पताल कवर्धा में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का लोकार्पण आज शुक्रवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधिवत रूप से सीटी स्कैन यूनिट का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय की मंशा के अनुरूप राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की सक्रियता और सजगता से कबीरधाम जैसे जिले में भी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य संसाधनों का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन यूनिट शुरू होने से अब मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय की बचत और खर्च में भारी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह सुविधा कबीरधाम जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। पहले मरीजों को रायपुर, बिलासपुर या दुर्ग-भिलाई जैसे बड़े शहरों के निजी जांच केंद्रों पर महंगी जांच करवानी पड़ती थी। अब जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह यूनिट लगभग 4 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित की गई है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।

### स्वास्थ्य सेवा में ऐतिहासिक कदम, अब जांच होगी सस्ती और सुलभः विजय शर्मा






श्री शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले में 38 नए चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ सेवाएं सुलभ होंगी और उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जनसेवा और स्वस्थ सामाज की मजबूत नींव की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। इस अवसर पर राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महसके, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंदरवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चंदरवंशी, जिला पंचायत सभापति रामनकुमार भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

## पंडरिया आगमन पर विधायक और कांवड़ियों के स्वागत में उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब

# पंडरिया पहुंचीं विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रा का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ लगभग 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों के जत्थे का आज यात्रा के पांचवे दिन मोहतरा से पंडरिया नगर, परसवारा, दशरंगपुर पुतकी होते हुए डोंगरिया महादेव मंदिर पहुंचा जहां भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, विभिन्न सामजिक व हिन्दू संगठनों एवं शिवभक्तों ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सभी कांवड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक किया और छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पंडरिया नगर में विधायक भावना बोहरा और कांवड़ियों के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में भगवा वस्त्र धारण कर क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर सभी का भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही ग्राम दशरंगपुर पुतकी में भी बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों के आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया और यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। बोल बम और हर हर महादेव के नारे से पूरा पंडरिया नगर भक्तिमय और भगवामय हो उठा। लगभग 3000 से अधिक की संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं महिला मोर्चा, विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया और उनकी यात्रा में सहभागी बनें। तेज बारिश के बावजूद लोगों में अपार उत्साह और हजारों की संख्या में भीड़ पंडरिया नगर में उमड़ी।





### आज पाण्डातराई से बोड़ला तक कांवड़ यात्रा

26 जुलाई को डोंगरिया से शिव मंदिर एवं गुप्ता धर्मशाला मार्ग से पांडातराई, भारतमाता चौक, करहट्टा चौक, कुसुमघटा, नेउरगांव के रास्ते बोड़ला तक की यात्रा तय की जाएगी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज मोहतरा से प्रस्थान कर डोंगरिया महादेव मंदिर में जल अर्पण करके छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यह क्षण अत्यंत ही सुखद रहा है की कांवड़ यात्रा का पहला पड़ाव पूर्ण हुआ और कल हम अपने डोंगरिया से बोड़ला के लिए अपनी आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे और 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक कर सर्वमंगल की हमारी यह यात्रा पूर्ण होगी। इस दौरान आज यात्रा के पांचवे दिन पंडरिया नगर आगमन पर उमड़े जन आस्था और शिवभक्तों के सैलाब ने पूरे पंडरिया विधानसभा को भक्तिमय एवं भगवामय कर दिया। इतना अपनत्व,स्नेह और भव्य स्वागत के लिए मैं सभी शिवभक्तों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

### सनातन संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है कांवड़ यात्रा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सनातन संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है कांवड़ यात्रा, जो भक्ति, समर्पण और सामूहिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। शिवभक्तों का यह विशाल जनसमूह सनातन संस्कृति, आस्था, परंपरा और भगवान भोलेनाथ के प्रति विश्वास का प्रतिबिंब है जो बताता है कि भारतीय संस्कृति का गौरवशाली इतिहास आज भी उतना ही शास्वत व अनंत है। उन्होंने आगे कहा कि घनघोर वर्षा में भी सभी ने अपार उत्साह के साथ आगे की यात्रा प्रारम्भ की। यह कांवड़ यात्रा भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में निहित सिद्धांतों की पुनर्स्थापना है। कांवड़ यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं है, ये महादेव को शीतल जल अर्पित करने की परंपरा है, ये लोक-उत्सव है, समानता का सन्देश है क्योंकि चारों तरफ भगवा ही भगवा दिखता है जो सनातन संस्कृति का प्रतीक है। सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है, जो अनादिकाल से मानवता को जीवन जीने की कला सिखाती रही है। यह संस्कृति केवल धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जीवन दर्शन है, जो प्रकृति, मानवता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) को न्याय की सुलभ प्राप्ति कराने हेतु योजनाओं के निर्माण एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देश प्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इसी पहल को साकार स्वरूप प्रदान करने हेतु विभिन्न नवीन योजनाओं का सृजन किया गया है।

इसी नवीन योजनाओ की श्रृंखला में श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के कुशल मार्गदर्शन पर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एडीआर भवन में विशेष प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला न्यायपालिका के समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, जिला पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालंटियर्स को माननीय न्यायाधीशगण द्वारा नालसा की योजनाएं आशा, संवाद, साथी, जागृति तथा नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान डॉन एवं 01 जुलाई 2025 से आगामी 90 दिनो तक चलने वाले मध्यस्थता राष्ट्र के लिए विशेष अभियान के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को इन योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश व जागरूकता प्रदान करते हुए प्रशिक्षित किया गया। न्यायाधीशगणों द्वारा इस महत्वपूर्ण योजनाओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व नालसा के सपने को साकार स्वरूप प्रदान करने हेतु जमीनी स्तर से शोषित व उपेक्षित जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु गठित विभिन्न ईकाईयों के सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान वर्तमान समाज में दृष्टिगत समस्याओं का विवरण प्रस्तुत कर सारगर्भित रूप से प्रशिक्षित किया गया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हरेली त्यौहार की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति एवं कृषि आधारित जीवनशैली को समर्पित हरेली पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विविध गतिविधियों से युक्त विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति को समर्पित समूह लोकगीत की प्रस्तुति से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने हरेली पर्व के महत्व को मधुर स्वरों में व्यक्त किया। तत्पश्चात बच्चों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को लोकसंस्कृति की रंगत से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने हरेली पर्व, छत्तीसगढ़ी परंपराएं तथा कृषि आधारित रीति-रिवाजों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर ज्ञानवर्धक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में खेती-किसानी में प्रयुक्त पारंपरिक औजारों जैसे हल, फावड़ा, गैंती,



कुदाल, बैलगाड़ी आदि की पूजा-अर्चना की गई, जो हरेली पर्व की मुख्य विशेषता है। इसके माध्यम से छात्रों को कृषि के प्रति सम्मान और ग्रामीण जीवन से जुड़ाव का संदेश दिया गया। पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने हरियाली संरक्षण, जैव विविधता, और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार किए गए नारे और चित्रों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और रोचक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हरेली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी कृषि संस्कृति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक है। हमें अपनी जड़ों से जुड़कर ही भविष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इस आयोजन ने निश्चित ही विद्यार्थियों के मन में अपनी लोकसंस्कृति के प्रति सम्मान, संरक्षण और गौरव का भाव उत्पन्न किया।

## छिरहा में एक पेड़ मां के नाम हुआ पौधा रोपन



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। इस राष्ट्रीय अभियान में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित कई छात्र-छात्राएं सहभागी बने।

## जलाजल हुआ वनांचल...



**कवर्धा।** लगातार हो रही बारिश से जलाजल हुआ जिले के वनांचल, खेत, खलिहानो, नदी नालों में पानी ही पानी।

## लोगों के घरों और दुकानों की चौखट में भरा बारिश व नाली का गंदा पानी

# नपं बोड़ला की खस्ताहाल चौपट व्यवस्था से मुख्य मार्ग पर जलभराव



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

एक तो अंचल सहित नगर पंचायत बोड़ला में हो रही लगातार की भारी बारिश और उस पर नगर पंचायत बोड़ला प्रशासन की खस्ताहाल व चरमराई व्यवस्था के चलते नगर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आलम ये है पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था और नालियों की साफ सफाई नहीं होने के कारण नालियों का गंदा पानी और बारिश पानी नगर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 के दोनों और जाम हो गया है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस भारी अव्यवस्था से सबसे ज्यादा परेशानी मार्ग के दोनो ओर निवास करने वाले नगरवासियों तथा दुकानदारों को हो रही है। दुकानदारों तथा स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को बोड़ला में हुई लगातार की बारिश के बाद सड़क किनारे की कूड़ा करकट तथा गंदगी से अटी पड़ी नालियां जाम हो गई और नालियों के साथ बारिश का पानी सड़क के दोनो ओर भर गया।

उन्होने बताया कि यह स्थिति नगर पंचायत प्रशासन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोरलापरवाही तथा उदासीनता का नतीजा है। नगर पंचायत प्रशासन तथा नगर के जनप्रतिनिधियों ने वर्षा पूर्व नगर में न तो पानी निकासी के उचित प्रबंध किए हैं और न ही नालियों की समुचित साफ सफाई कराई गई है। जिसके कारण आज नगर के मुख्य मार्ग में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### नगरवासियों में असंतोष व नाराजगी

नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों के इस रवैये पर गहरा असंतोष व नाराजगी जाहिर करते हुए नगरवासियों ने कहा कि जो नेता विधानसभा, लोक सभा और नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी-बड़ी डींगे हांक कर तथा नगरवासियों का समर्थन प्राप्त कर आज सत्ता सुख भोग रहे हैं उन्हें लोगों की इस समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। नगरवासियों ने कहा कि नगर पंचायत बोड़ला मुख्यालय नेशनल हाईवे पर स्थित है और यहां से चौबिसों घंटे कई राज्यों के लोगों का आना जाना लगा रहता है। निश्चित रूप से जब इन लोगों की नजर इस अव्यवस्था और जल भराव पर पड़ती होगी तो वे कहते होंगे की इस क्षेत्र का भी भगवान ही मालिक है। लोगों ने शासन प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से इस अव्यवस्था को तत्काल दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

# समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ ने आधा दर्जन मांगों को लेकर पंडिरया कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ ने किसानो तथा संघ से जुड़ी आधा दर्जन मांगो को लेकर एक बार फिर लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक का र खा ना पंडरिया के प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में संघ से मिली जानकारी के मुताबिक संघ ने गन्ना किसानो का बकाया मूल भुगतान तत्काल किसानो के खाते में किए जाने, रिकवरी बोनस किसानों को किए जाने, लेबर कॉस्ट को ध्यान में रखते हुए 100 रूपए बोनस दिए जाने, कारखाना में कार्यरत नियमित, संविदा, ठेका श्रमिक कर्मचारी की सूची एवं वेतन भुगतान की जानकारी संघ को दिए जाने, पुराने कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर काम में रखे जाने, कारखाना में हर तीन माह में शेयर धारी किसानों के साथ बैठक आयोजित करने तथा कारखाना के लेन-देन एवं हिसाब किताब में समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ के प्रतिनिधि को शामिल किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## सार समाचार

### मेडिसिन विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** पेंड्री में स्थित भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जमकर भर्राशाही व्याप्त है, जहां पूर्व में भी भोजन से लेकर विभिन्न अनियमितताओं की शिकायत मिलती रही है। अब उसी कड़ी में मेडिसिन विभाग में कार्यरत विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार तिर्की द्वारा लगातार अनाधिकृत निजी प्रैक्टिस किए जाने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हो रही है। उक्त प्रकरण में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने सहयोगियों, युवा कांग्रेस जिला महासचिव राहुल गजभिये, कांग्रेस युवा नेता संदीप सोनी, ओंकार दीक्षित, सैयद रेहान आदि सहित अपर कलेक्टर श्रीमती बंजारे से भेंट कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।



श्री मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि किस प्रकार उक्त डॉक्टर द्वारा लगातार शासन की आंखों में धूल झोंककर निजी मेडिकल से दवाई व निजी डायग्नोस्टिक से जांच करवाई जा रही है। साथ ही मेडिकल में 4 से 8 बैठकर डॉक्टर गरीब मरीजों को वहां फॉलोअप के लिए आने दबाव बनाते हैं। सील ठप्पा लगाकर प्रेसक्रिप्शन दिया जा रहा है। जबकि अस्पताल के रिकॉर्ड के हिसाब से उक्त डॉक्टर ने किसी मरीज को नहीं देखा है। उक्त प्रकरण में अस्पताल में ही कार्यरत एक फार्मासिस्ट की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है।

### टीम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी त्यौहारों में बहुतायत में उपयोग की जाने वाली खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के गुणवत्ता निर्धारण के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गैराज सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में दबिश देकर अन्य जिलों एवं राज्यों से आने वाले पनीर, कुंदा, खोवा, मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के प्रतिष्ठित फर्मों से भी खोवा, कुंदा, पनीर सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए जब्त की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा रौनक इंटरप्राइजेस से स्पॉन्ज, कढ़ी, दही और बर्फी का विधिक नमूना जब्त किया गया। इसके साथ मिलन स्वीट्स से खोवा, मोती स्वीट्स से कुंदा एवं शांता फूड्स परीकला से पनीर के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किया गया। मिलन स्वीट्स में आवश्यक साफ-सफाई का अभाव पाए जाने पर 3 दिवस के भीतर व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए गए। मोती स्वीट्स से 50 किलो कुंदा जब्त कर संचालक की अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु संग्रहित किया गया। त्यौहारी सीजन को देखते विशेषकर रक्षाबंधन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



### महाराष्ट्र की 19 बल्क लीटर देशी संत्री जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।




## पुलिस ने चलाया जांच-पड़ताल अभियान

# फेरीवालों की पहचान के लिए 150 से अधिक घरों में पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में बाहर से आए मुसाफिर, फेरी वालों एवं अवैध अप्रवासी भारतीय तथा बदमाशों की पहचान हेतु पुलिस ने जांच अभियान चलाया। जिसके तहत लगभग 150 से अधिक घरों की जांच की गई।

अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने जांच अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए 25 जुलाई को पुलिस टीम ने जांच पड़ताल की।



### असामाजिक तत्वों की जांच

उक्त स्थान पर रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गश्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

### सौ से अधिक पुलिस जवानों ने दी दबिश

जिसमें कोतवाली निरीक्षक रामेंद्र सिंह, बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी लालबाग निरीक्षक रमेश साहू, पुलिस चौकी चिखली प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव, पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी, पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, पुलिस चौकी सुकुलदैहान प्रभारी निरीक्षक मनीष ध्रुव, पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पटेल सहित लगभग 100 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत सृष्टि कॉलोनी अटल आवास के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 150 से अधिक घरों को चेक किया गया।

## छुईखदान पुलिस की कार्रवाई

# धोखाधड़ी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी शांतिलाल जैन निवासी छुईखदान ने थाना छुईखदान में लिखित शिकायत दिया था कि 15 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन में कॉल आया। बात करने पर कॉल करने वाला व्यक्ति ने अपने आपको सौरभ जैन होना बताकर 500 बोरी अल्ट्राटेक सीमेंट कीमती 147500 रुपए का आर्डर दिया और सीमेंट को मुढिया मोहारा भेजने बोला, जिस पर प्रार्थी ने 500 बोरी सीमेंट सौरभ जैन नाम के व्यक्ति को उसके बताए पते पर भेजा, जिसे सौरभ जैन नाम के व्यक्ति ने सीमेंट को किसी अन्य व्यक्ति को बिक्री कर सीमेंट का रुपए को ले लिया और प्रार्थी शांतिलाल को सीमेंट का 147500 रुपए को नहीं देकर धोखाधड़ी किया है। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सूत्र सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम केसीजी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते आरोपी देवेन्द्र वर्मा 24 वर्ष निवासी तरपोगी थाना धरसींवा जिला रायपुर, पूरब रजक 30 वर्ष निवासी धमधा थाना धमधा जिला दुर्ग को धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत 24 जुलाई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है एवं आरोपी आशुतोष मिश्रा 27 वर्ष निवासी पन्नी थाना मऊगंज जिला मऊगंज (मप्र) को 25 जुलाई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय से ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया है। विवेचना मामले में अन्य आरोपी की पता तलाश किया जा रहा है।

# कच्ची महुआ शराब जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा 13 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई।

आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बिरेझर थाना घुमका में भावसिंह ठाकुर के कब्जे से दो पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन में 9 बल्क लीटर कच्ची हाथभट्टी महुआ शराब एवं सुग्रीव यादव के कब्जे से एक पीला रंग की प्लास्टिक जेरीकेन 4 बल्क लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करी गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में कुसुमलता जोल्हे, राजकुमार कुर्रे, जनार्दन प्रसाद पांडेय, निजाम शाह, दीपक गुप्ता, ताम्रध्वज ठाकुर, आर्यन ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल, मनीष, दीपक, सुरेश शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पोर्टल में कृषकों का किया जा रहा पंजीयन

**राजनांदगांव।** जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों का पंजीयन कराया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री अंतर्गत किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में किसानों के पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कृषि विभाग को सक्रियता के साथ कृषक पंजीयन कराने निर्देश दिए। एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त है।

कृषि विभाग द्वारा जिले में पंजीकृत 127107 कृषकों में से 104684 कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल फार्मर रजिस्ट्री कराया जा चुका है। शेष 22423 कृषकों का 14 अगस्त 2024 तक शिविरों के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा घर-घर जाकर पंजीयन के लिए छूटे हुए कृषकों का चिन्हांकन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत एवं सहकारी समिति में शिविर का आयोजन कर चिन्हांकित कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत के माध्यम से कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत कृषक पंजीयन के लिए कृषक जोड़ो अभियान के तहत लगातार कृषकों का पंजीयन कराने जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छूटे हुए किसानों का पंजीयन कराने ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है और पाम्प्लेट, पोस्टर के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग की टीम ग्राम लालूटोला, नवागांव, रीवागहन, टाकुरटोला, भेजराटोला, किरगी ब सहित विभिन्न ग्रामों में लगातार दौरा कर रही है और कृषकों की समस्या का समाधान कर रही है। किसानों के पंजीयन के संबंध में आने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं से अवगत करा रहे हैं।

# जागरूकता शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आईबी ग्रुप के कार्पोरेट ऑफिस राजनांदगांव में 25 जुलाई को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के माध्यम से भारत सरकार द्वारा लागू की जा रही रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी नियोजकों को प्रदान करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन ईपीएफओए क्षेत्रीय ऑफिसए रायपुर के अधिकारियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जयवदन इंगले क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त इंचार्ज छत्तीसगढ़, एंफोर्समेंट ऑफिसर्स वीएस काकोडिया, हितेश कुमार तिवारी, योगिता साहू एवं सेक्शन सुपरवाइजर अजय कुमार दीवान पीएफ कार्यालय से एवं आईबी ग्रुप से डॉ. निखिल राव शेलार जीएमएचआर ऑपरेशन, शशिकांत सिन्हा सीनियर मैनेजर एचआर एंड एडमिन एवं संजय कथायत हेड ऑफ मैन्युफैक्चरिंग तथा एचआर की टीम उपस्थित थे। इस दौरान



राजनांदगांव क्षेत्र के नियोक्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आईबी ग्रुप के अधिकारियों द्वारा अतिथियों के स्वागत पश्चात जयवदन इंगले द्वारा पीएफ स्कीम्स की जानकारी दी गई। योगिता साहू द्वारा वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी दी गई। तत्पश्चात इंगले पीएफ कमिश्नर द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उपस्थित नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। अंत में आईबी ग्रुप के डॉ. निखिल राव शेलार एचआर हेड व शशिकांत सिन्हा द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते सरकार के प्रयास को सराहनीय कदम बताया। जिससे रोजगार व कर्मचारियों के हितलाभ में अवश्य वृद्धि होगी।




